VIVEKANANDA VIDYA MANDIR

(A C.B.S.E. Affiliated New Generation English Medium Co-Ed School)

From KG to Class XII
Run By:
SRI RAMAKRISHNA SEVA SANGHA

RANCHI
ESTD. 1970

Ref :............................ *Date :*............................

VVM/2017-4685 **26th January 2017**

प्रेस विज्ञप्ति

आज 26 जनवरी 2017 में विवेकानन्द विद्या मंदिर के प्रांगण में 68वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की दैनंदिन प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात IX C की साक्षी ने हृदय स्पर्शी स्वदेश मंत्र का पाठ किया। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री अभय कुमार मिश्रा ने झंडोत्तोलन किया तत्पश्चात राष्ट्रगान से सबों ने तिरंगे को सलामी दी। विभिन्न हाउस और रंग–बिरंगे परिधान में सज्जित छात्रों ने झंडे को सलामी दी और मार्च–पास्ट किया। मार्च–पास्ट के उपरांत IX A की छात्रा रिया बर्मन ने गणतंत्र दिवस की विशेषता पर प्रकाश डाला। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य श्री ब्रह्मानन्द द्विवेदी जी ने गंणतंत्र दिवस की विशिष्टता को अपनी उत्कृष्ट भाषण द्वारा प्रकट किया। विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति गीत से लोगों को भावविभोर कर दिया। IX C के छात्र अभिजित शेखर ने अंग्रेजी में संविधान के गठन एवं उसकी आवश्यकता पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। तत्पश्चात विद्यालय के बैंड टीम ने सलामी देते हुए अपना अद्भुत प्रदर्शन दिखाया।

इसके उपरांत विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री अभय कुमार मिश्रा ने उपस्थित सभाजनों को उत्साहवर्द्धक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार अनेक संघर्षों के बाद देश स्वतंत्र हुआ। और राष्ट्रभक्तों के असीम प्रयास से संविधान का गठन 26 जनवरी 1950 में हुआ और भारत में लोकतंत्र की स्थापना हुई। उन्होंने 1930 में भगत सिंह द्वारा अपने मित्र को लिखे गये पत्र की चर्चा की जिसमें उन्होंने अधिक बल दिया कि किस प्रकार 22 वर्ष का बच्चा भगत सिंह फांसी की सजा को सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने बताया कि चन्द्रशेखर तिवारी का नाम किस प्रकार चन्द्रशेखर आजाद पड़ा। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह आदि राष्ट्रभक्तों की बलिदानों की चर्चा कर सबों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की।

विद्यालय के छात्राओं ने रंगीन साड़ीयों के माध्यम से अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यालय के चौथवीं एवं पांचवीं के छात्रों ने "रंगदे बसंती चोला" दशभक्ति गीत में सुंदर नृत्य प्रदर्शीत किया। अंत में बच्चों को मिठाइयां बांटी गयीं।

(ब्रह्मानन्द द्विवेदी)
प्राचार्य

SECTOR II, JAGARNATH NAGAR, DHURWA, RANCHI – 834 004
Tel : (0651)2440954, 2441422 Fax: 2441422
Email : vvm.ranchi@gmail.com, vivekananda_mandir@yahoo.co.in